ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

क़ादर नवाज़ ख़ान
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Kadar Nawaz Khan
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone/✆ : +91-7152-230902

पत्रांक : 21/PRO/AC & AS/2025/28 part file / 11
दिनांक : 19 .01.2026

परिपत्र

विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के अनुरूप संचालित किए जाने को दृष्टिगत रखते हुए निम्नलिखित नियमावली निर्धारित की जाती है—

1. कार्यक्रम अकादमिक प्रकृति का एवं विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए।
2. कार्यक्रम से संबंधित आवेदन कार्यक्रम तिथि से कम से कम **10 (दस) दिवस पूर्व** कुलसचिव कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा।
3. किसी महापुरुष की जयंती, पुण्यतिथि आदि विशेष अवसरों को छोड़कर, कार्यक्रम **केवल कार्यदिवसों में ही** आयोजित किए जाएंगे।
4. आवेदन संबंधित विभागाध्यक्ष के माध्यम से अग्रेषित होना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन संबंधित विभागाध्यक्ष अथवा उनके द्वारा मनोनीत अध्यापकों की समिति की देखरेख में संपन्न होना आवश्यक होगा।
5. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दिन विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
6. कार्यक्रम की विषयवस्तु एवं उसका विवरण आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदन पत्र के साथ कम से कम **10 विद्यार्थियों के नाम** (जिन विभागों में 10 से कम विद्यार्थी हों, वहाँ के समस्त नामांकित विद्यार्थियों के नाम), विभाग का नाम, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल की सूची संलग्न करना आवश्यक होगा। साथ ही छात्रावास का नाम एवं कक्ष संख्या भी उल्लेखित करना होगा।
8. सभागार में उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग किया जाए। किसी भी प्रकार की क्षति होने पर उसकी भरपाई कार्यक्रम के संयोजक अथवा आयोजक शोधार्थी/विद्यार्थियों के दल को करनी होगी।
9. विश्वविद्यालय परिसर की दीवारों पर पोस्टर, बैनर आदि चिपकाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।
10. जिस आयोजक दल को सभागार आबंटित होगा उसी आयोजक दल को कार्यक्रम कराना होगा वह अहस्तांतरणीय एवं अपरिवर्तनीय होगा।
11. पोस्टर एवं बैनर केवल कार्यक्रम स्थल पर एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित स्थल पर ही लगाना अनिवार्य होगा। निर्धारित स्थल के अलावा अन्य जगहों पर पोस्टर/बैनर प्रतिबंधित होगा।
12. आयोजक दल को अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से आयोजन से संबंधित नियमावली का **वचन पत्र (Undertaking)** देना होगा।
13. कार्यक्रम की समय-सीमा दो घंटे से अधिक न हो और कार्यक्रम के लिए रात्रि 09:00 बजे तक की अनुमति होगी।
14. सभागार एवं उपलब्ध संसाधनों के अलावा विश्वविद्यालय अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं कराएगा। इसकी व्यवस्था आयोजकों को स्वयं करनी होगी।

क़ादर नवाज़
19/01/26

...2

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail/✉: registrar@mgahv.in, **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

क़ादर नवाज़ ख़ान
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Kadar Nawaz Khan
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone/✆ : +91-7152-230902

15. महापुरुषों का अपमान एवं निर्देशित नियमावली के विरुद्ध कार्य होने पर विधिक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

16. नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

17. कार्यक्रम की अनुमति देने, परिवर्तन करने या रद्द करने का अंतिम अधिकार विश्वविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

क़ादर नवाज़

(क़ादर नवाज़ ख़ान)

प्रति (ई-मेल द्वारा) : समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केंद्र निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्रों के अकादमिक निदेशक एवं प्रभारी।

19/01/26

प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा) :

1. कुलपति सचिवालय
2. अध्यक्ष, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समन्वयन समिति
3. कुलानुशासक
4. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
5. समस्त छात्रावास अधीक्षक
6. सदस्य सचिव, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समन्वयन समिति
7. प्रभारी, लीला को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
8. संबंधित पत्रावली

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail/✉: registrar@mgahv.in, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org